<u>रिक्ति विज्ञापन</u>

**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग में सदस्य के तीन पदों के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित करना।**

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर), भारत सरकार के कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में सदस्य के तीन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) से सम्बद्ध एक स्वतंत्र भर्ती एजेंसी है। यह कृषि अनुसंधान सेवा, अनुसंधान प्रबंधन पदों और ऐसे अन्य पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए उत्तरदायी है, जिन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अध्यक्ष द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है। बोर्ड करियर प्रोन्नयन स्कीम के तहत आईसीएआर वैज्ञानिकों के पदोन्नति के मामलों में भी कार्रवाई करता है।

3. पद का ब्योरा इस प्रकार है:

i. **वर्गीकरण**: समूह 'क' समकक्ष
ii. **वेतनमान:** लेवल-16, मूल वेतन रु.2,05,400- 2,24,400/-
iii. **अधिकतम आयु सीमा** : 62 वर्ष
iv. **योग्यता:** कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के तीन सदस्यों का चयन 7वें वेतन आयोग के वेतन स्तर 14 या उससे ऊपर के ऐसे प्रोफेसर या समकक्ष पद पर कार्यरत वैज्ञानिकों में से किया जाएगा और जिन्हें निम्नलिखित 3 विषयों के समूहों में से प्रत्येक में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होगा :
   i. फसल विज्ञान और बागवानी फसलों सहित पादप विज्ञान समूह।
   ii. पशु विज्ञान और मात्स्यिकी विज्ञान समूह।
   iii. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विस्तार, कृषि शिक्षा, सामाजिक विज्ञान जैसाकि कृषि अर्थशास्त्र और कृषि सांख्यिकी।

v. **कर्तव्य**

(क) सदस्य कृषि अनुसंधान सेवा में सभी पदों तथा आईसीएआर के अध्यक्ष द्वारा यथा निर्धारित सेवा में ऐसे अन्य पदों पर भर्ती के लिए उत्तरदायी होगा, जिसमें करियर प्रोन्नयन योजना के तहत पदोन्नति/नियुक्ति के लिए वैज्ञानिकों की जांच-पड़ताल (स्क्रीनिंग) भी शामिल है।
(ख) सदस्य आईसीएआर सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा यथा अपेक्षित सभी कार्मिक मामलों में भी आईसीएआर की सहायता भी करेगा।

vi. **कार्यकाल :** सदस्यों का कार्यकाल 03 वर्ष या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, होगा। **इस प्रकार चुने गए सदस्य अपने पिछले संगठन में कोई धारणाधिकार नहीं रखेंगे।**

vii. **एएसआरबी में नियुक्ति पर मूल सेवा से सेवानिवृत्ति:**
जो सदस्य, एएसआरबी में अपनी नियुक्ति की तिथि को केंद्र या राज्य सरकार या संघ शासित प्रदेश, प्रशासन या स्वायत्त निकाय या किसी अन्य पेंशन योग्य संगठन की सेवा में है, उसे एएसआरबी के सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति की तिथि से ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा। यदि सदस्य के रूप में नियुक्त व्यक्ति कोई पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो ऐसे व्यक्ति के वेतन में उसके द्वारा प्राप्त पेंशन की सकल राशि को घटा दिया जाएगा।

viii. **चयन की विधि:** चयन एक उच्च स्तरीय खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) द्वारा किया जाएगा, जिसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के मौजूदा निर्देशों के अनुसार मंत्रालय/विभाग द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन से की जाएगी।

4. प्रत्यक्ष आवेदनों के अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष; भारत सरकार के सचिव; सीएसआईआर के महानिदेशक; सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू/केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों (सीएयू) के कुलपति, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव भी उपयुक्त अभ्यर्थियों को उनके जीवनवृत्त (बायोडाटा) विवरण के साथ अनुशंसित/नामांकित कर सकते हैं।

5. आवेदन/नामांकन प्रपत्र www.icar.org.in, www.asrb.org.in और www.dare.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

6. **आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17.04.2025 को शाम 05:00 बजे तक है।**

7. आवेदन/नामांकन प्रपत्र निम्नलिखित पते पर भेजे जा सकते हैं:
**अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, आईसीएआर, कृषि भवन, नई दिल्ली।**
**ईमेल आईडी secy.icar@nic.in**

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में सदस्य के पद के लिए आवेदन/नामांकन प्रपत्र।**

आवेदित पद : (विषय समूह का उल्लेख करें)

(I) सामान्य सूचना:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का पूरा नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | लिंग | |
| 4. | जन्म तिथि | |
| 5. | आवेदन की अंतिम तारीख को आयू (वर्ष/महीना) | |
| 6. | वर्तमान पद (वेतन मान सहित) | |
| 7(a) | पत्राचार का पता पिनकोड सहित | |
| (b) | स्थायी पता | |
| (c) | सम्पर्क ब्योरा | मोबाइल नं.<br>ईमेल आईडी: |

(II) शैक्षिक योग्यता:

(III) अनुभव का विवरण:

| क्रम सं. | पद | वैज्ञानिक/ प्रौद्योगिकीविद्/ शिक्षाविद के रूप में अनुभव | संगठन/ विश्वविद्यालय | अवधि | | अनुभव (वर्ष एवं महीने में( |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से (दिनांक) | कब तक (दिनांक ) | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| कुल अनुभव (वर्षों और महीनों में) | | | | | | |

(IV) विशिष्ट अभ्याप्ति और उपलब्धियां:

(V) पुरस्कार और सम्मान:

(VI) प्रकाशन/उत्पाद/प्रौद्योगिकियां/पेटेंट:

(VII) पद के लिए आवेदक की उपयुक्तता का औचित्य:

(VIII) कोई अन्य जानकारी :

मैं, एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण/ब्योरे मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ और पूरी तरह से समझता/समझती हूँ कि दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर झूठी या गलत पाए जाने की स्थिति में, मेरा आवेदन/उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर तुरंत खारिज कर दी जाएगी और यदि मैं पहले से ही

नियुक्त हूँ, तो सदस्य, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के पद से मेरी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएंगी और लागू नियमों के अनुसार अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की जाएगी।

दिनांक:

स्थान:

आवेदक का हस्ताक्षर

नामांकनकर्ता का विवरण

नामांकनकर्ता का नाम

पद:

हस्ताक्षर:

दिनांक:

मुहर:

(नामांकित व्यक्ति/आवेदक का बायोडाटा उपलब्ध कराया जाए।)